आकाशवाणी केन्द्र शिमला
28.05.2024/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

प्रियंका गांधी

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा है कि भाजपा धर्म के नाम पर वोट मांगती है और धर्म का कोई काम नहीं करती है। ऊना ज़िले के गगरेट में एक चुनावी जनसभा में उन्होंने कहा कि पिछले दिनों भाजपा ने धनबल के आधार पर प्रदेश सरकार को गिराने का भी प्रयास किया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि केवल 10 वर्ष के शासनकाल में ही भाजपा दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई व बेरोजगारी को कम करने में भी भाजपा सरकार पूरी तरह से नाकाम रही है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि पिछले वर्ष आई आपदा को केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय आपदा घोषित न कर आपदा प्रभावितों के साथ विश्वासघात किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित अन्य नेताओं ने भी जनसभा को संबोधित किया।

चुनाव प्रचार

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार– अभियान अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है और अब केवल 4 दिन ही शेष रह गए हैं। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों के शीर्ष केन्द्रीय नेता प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं और मतदाताओं को रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज किन्नौर ज़िले के छोल्टू और शिमला ज़िले के ननखड़ी व रोहडू में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा विकासवाद के लिए वोट मांग रही है ताकि देश में एक बार फिर विकास की गंगा बहाई जा सके। जे.पी. नड्डा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों के मन में नई उमंग जगाई है और जनकल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य कार्यक्रम आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख रूपये तक का मुफ्त ईलाज सुनिश्चित हो रहा है।

विक्रमादित्य सिंह

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा पर प्रदेश के लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। सराज विधानसभा क्षेत्र के जंजैहली और बाली चौकी में आज चुनावी जनसभाओं में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने 15 महीने के कार्यकाल में सरकारी क्षेत्र में 22 हज़ार से अधिक पद सृजित किए हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने ओपीएस बहाल करने सहित महिलाओं को हर महीने 15 सौ रूपये की सम्मान राशि देने की गारंटी को पूरा किया है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर क्षेत्रवाद की राजनीति करने का आरोप भी लगाया।

विकसित भारत

केन्द्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि पिछले 70 वर्षों के मुकाबले बीते 10 वर्षों में भारत तेज़ी से विकास करने वाला देश बन गया है। शिमला में आज ''विकसित भारत 2047'' विषय पर आयोजित बौद्धिक विचार–विमर्श सत्र में उन्होंने कहा कि इस विकास की बदौलत भारत दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है।

एस. जयशंकर ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल कर लेगा लेकिन इसमें सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि बीते 10 वर्षों में लोगों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ मिला है और उज्जवला व आवास योजना जैसी अन्य योजनाओं से गरीब तबके का कल्याण सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने बताया कि मेक इन इंडिया की पहल को जितना बढ़ावा मिलेगा, रोज़गार में उतनी ही वृद्धि होगी और विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। इस बौद्धिक विचार–विमर्श सत्र में प्रदेश के कई बुद्धिजीवियों और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

मौसम

प्रदेश के अनेक भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। गर्मी के प्रकोप को देखते हुए ऊना ज़िले में कल 29 मई से 31 मई तक सभी सरकारी व निजी स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। ये आदेश प्री–प्राइमरी और प्राइमरी स्कूलों के साथ–साथ सभी माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के लिए भी लागू होंगे। जिन स्कूलों में इस अवधि के दौरान परीक्षाएं निर्धारित हैं वहां परीक्षाओं का आयोजन सुबह 7 से 11 बजे के बीच किया जाएगा। दूसरी ओर सिरमौर ज़िले में नाहन क्षेत्र के ग्रामीण स्कूल और पावंटा उपमंडल के सभी स्कूलों को भी 29 मई से 31 मई तक बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। राज्य के अन्य ज़िलों में भी भीषण गर्मी से लोग बेहाल है और दिन के समय लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान मौसम साफ रहने और कुछ क्षेत्रों में लू चलने की संभावना जताई है।

ऊना–मतदान

ऊना ज़िले में लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान पूर्व निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ज़िले में 15 उड़न दस्ते और 17 निगरानी टीमें लगातार फील्ड में तैनात हैं और हर गतिविधि पर पैनी नज़र रखी जा रही है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि ऊना ज़िले में अब तक 3 हजार 7 सौ 36 वोटरों ने अपने घर से मताधिकार के प्रयोग की सुविधा का लाभ उठाते हुए मतदान किया है।

____